जवाब हवा में उड़ रहा है - बॉब डिलन

कितने रास्ते तय करे आदमी
कि तुम उसे इनसान कह सको ?
कितने समंदर पार करे एक सफेद कबूतर
कि वह रेत पर सो सके ?
हाँ, कितने गोले दागे तोप
कि उस पर हमेशा के लिए पाबंदी लग जाए ?
मेरे दोस्त, इनका जवाब हवा में उड़ रहा है
जवाब हवा में उड़ रहा है।

हाँ, कितने साल कायम रहे एक पहाड़
कि उसके पहले समंदर उसे डुबा न दे ?
हाँ, कितने साल जिंदा रह सकते हैं कुछ लोग
कि उसके पहले उन्हें आजाद किया जा सके ?
हाँ, कितनी बार अपना सिर घुमा सकता है एक आदमी
यह दिखाने कि उसने कुछ देखा ही नहीं ?
मेरे दोस्त, इनका जवाब हवा में उड़ रहा है
जवाब हवा में उड़ रहा है।

हाँ, कितनी बार एक आदमी ऊपर की ओर देखे
कि वह आसमान को देख सके ?
हाँ, कितने कान हों एक आदमी के
कि वह लोगों की रुलाई को सुन सके ?
हाँ, कितनी मौतें होनी होंगी कि वह जान सके
कि काफी ज्यादा लोग मर चुके हैं ?
मेरे दोस्त, इनका जवाब हवा में उड़ रहा है
जवाब हवा में उड़ रहा है।

' Blowin' In The Wind ' का हिंदी अनुवाद